## खबर संक्षेप

### अपनी मांगों को लेकर सांसद से मिले बस ऑपरेटर



**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा में पिछले दो दिनों से चली आ रही बस ऑपरेटरों की हड़ताल से बसों का संचालन बंद पड़ा है। अपनी मांगों को लेकर शनिवार की रात छिन्दवाड़ा बस ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उनके समक्ष अपनी मांगे रखी। बस ऑपरेटरों की मांगों पर गंभीरता से बात करते हुए उन्होंने जल्द ही अधिकारियों से चर्चा कर उनकी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया । बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने सांसद श्री साहू को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर छिन्दवाड़ा बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अजीत पटेल, राजेश मिगलानी , जितेन्द्र सिंह ठाकुर, विमल शर्मा, मिखाइल खान, सोनू सरदार, सुजीत पांडे, रवि सूर्यवंशी, भरत सूर्यवंशी, जितेन्द्र अवस्थी, वीरू साहू, अनिल जावरे, अमरीश शुक्ला, मतीन खान, परमित सिंह नैयर, सुरेन्द्र सूर्यवंशी, हनीफ खान, मजीद खान, मदन गड़ेवाल, रिंकल बेदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### एक माह में सचिव ने कर डाला 5वें वित्त राज्य आयोग मद से 25 लाख से अधिक का भुगतान बना जांच का विषय

# तामिया पंचायत में भुगतान घोटालाः पंचायत दर्पण पर नजर आ रहे जामई, छिंदवाड़ा वेंडरों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

**तामिया सचिव के भ्रष्टाचार की कहानियों के लगातार प्रकाशन के बाद भी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। कारण सिर्फ एक ही है कि इन सचिव को वरिष्ठ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। ऐसे में सरकारी धन का दुरूपयोग होना स्वाभाविक ही है। फिर भी हरिभूमि जनता के प्रति जवाबदारी तय करते हुए निरंतर भ्रष्टाचार की खबरों का प्रकाशन करता रहेगा। कार्यवाही करना या न करना अधिकारियों के हाथ में है। लेकिन दागदार कलम भ्रष्टाचार को लंबे समय तक संरक्षण नहीं दे सकती। कार्यवाही की गाज एक दिन अवश्य गिरेगी।**




मामला तामिया पंचायत के पंचायत सचिव जो अधिकारियों के मिले संरक्षण के चलते भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके है। ऐसा इसलिए हो पाया है। अधिकारियों का खुला संरक्षण ग्राम पंचायत सचिव को मिला हुआ है जिसके बलबूते उन्होंने अब तक हर निर्माण में जमकर फर्जीवाड़ा कर मनमाने तरीके से सरकारी धन को लूटा है। जिसका हरिभूमि समाचार पत्र मैं लगातार प्रकाशित होता चला आ रहा है, लेकिन सचिव के रसूख के चलते जनपद पंचायत से लेकर जिला के मिले संरक्षण के चलते कोई भी जांच को तैयार नहीं है और सचिव की मनमानी फर्जी बिल लगाकर राशि निकालने में देखने मिल रही है, उनके द्वारा छिंदवाड़ा एवं जुन्नारदेव की दुकानों से भी खरीदी दर्शीयी गई है जो पंचायत दर्पण के पोर्टल पर नजर आ रही है। इनका सबसे बड़ा कारनामा यह है कि 4 जून से 9 जुलाई तक पांचवें वित्त राज्य आयोग की राशि में इन्होंने अब तक लगभग 30 लख रुपए का भुगतान कर डाला है जो पंचायत दर्पण देखा जा सकता है। इनमें से चंद हजार रुपए सरपंच पंच के मानदेय में खर्च बाकी सारी राशि निर्माण में भुगतान कर डाली। इस तरह ग्राम पंचायत सचिव ने भरि बरसात में निर्माण कार्य में राशि निकालकर स्वयं सिद्ध कर दिया कि सारे नियम कानून एवं अधिकारियों से वो ऊपर है, उनके द्वारा एक माह में इतनी भारी राशि का आहरण किया जाना तो यही दर्शाता है। यदि 1 महीने के बीच में 30 लाख किए गए भुगतान की जांच की जाएगी तो इस ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़ा सचिव का सामने आएगा। सार्वजनिक शौचालय में सेप्टिक टैंक नहीं बनाने के बावजूद भुगतान निकाल लेना एवं उपन्यत्री से फर्जी मूल्यांकन करवा लिया तो इनका रसूख समझा जा सकता है कि सारे नियम कानून कायदे तामिया पंचायत सचिव के सामने कोई मायने नहीं रखते हैं। कम से कम पांचवे राज्य वित्त आयोग आयोग की राशि एक माह में 30 लाख का किया गया भुगतान वह भी पंचायत दर्पण पर नजर आने वाला कर डाला तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ ना तो जिला पंचायत ना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया ने कार्रवाई करने की कोई कोशिश नहीं की। इस तरह अपने रसूख के दम पर जिस तरह उन्होंने शासकीय धन की लूट पाट ग्राम पंचायत में चहेतो के नाम से बिल लगाकर भुगतान 5वे राज्य वित्त आयोग की राशि से भुगतान किए गए हैं। यदि उसकी जांच करेंगे तो निर्माण कार्य के नाम पर किए गए भुगतान का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा, लेकिन बड़ा सवाल यह है!कि आखिर तामिया ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार फर्जीवाड़े की जांच आखिर करेगा कौन।

### जेसीबी से कुछ देर की मशक्कत के बाद निकाला शव

## कोयला खदान के मैगजीन से लोहा निकालते समय युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

ग्राम घोड़ावाडी नीमढाना में बंद कोयला खदान के मैगजीन भवन में अवैध रूप से लोहा निकाते समय युवक की दबने से मौत हो गई। घटना के बाद अन्य साथी फरार बताई जा रहे हैं।

मृतक की पहचान अनिल भोपा पिता चनचू भोपा उम्र 45 वर्ष निवासी नीमढाना बिछुआ पंचायत के रूप में हुई। दर्दनाक घटना के बाद ग्रामवासियों ने शव को नीमढाना चौक पर रखकर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया।जिसे एसडीएम कामिनी ठाकुर पुलिस थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक राकेश बघेल, दमुआ थाना प्रभारी पी के सिरसाम एसआई मुकेश डोंगरे पुलिस चौकी प्रभारी डूंगरिया अंजना मरावी की समझाइश पर लोगों ने चक्का जाम हटाया। शव का पंचनामा बनाने के बाद पीएम के लिए दमुआ शासकीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने मार्ग कायम कर विवेचना में लिया। बंद पड़े कोयला खदान में स्थित मैगज़ीन भवन के अंदर लोहे का सामान चोरी करने के दौरान एक युवक की अचानक मृत्यु हो गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक चोरी की नियत से प्रवेश किया गया था। भवन पुराना जर्जर हालत में था जो भरभराकर गिर गया। और युवक की दबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और वेकोलि कन्हान क्षेत्र अधिकारी और सुरक्षा बल मौके पर पहुँचें। जेसीबी मशीन से कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कई ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो बंद पड़े कोयला खदानों में प्रवेश कर लोहा, कबाड़ या खनिज चुराने की कोशिश करते हैं।

## वाहन में लगी आग समाजसेवी ने बुझाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शनिवार को स्थानीय खजरी रोड पर एम.पी.ई.बी. आफिस के सामने खड़े वाहन क्रमांक एम पी 09 5750 जो कि तामिया निवासी ऋतुराज डेहरिया का वाहन है, उक्त वाहन को आज ही स्थानीय मिस्त्री से रिपेयर कराकर ये अपने की ओर जाने के लिये, और खजरी चैक पर मिलने के कुछ मिनिट के लिये इसी दौरान अचानक धुँ धुँ कर उनके टू व्हीलर में आग लग, और वाहन को अपनी नजरों के सामने जलते देख सैंकड़ों लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे परंतु किसी ने उक्त वाहन को बुझाने की कोशिश नहीं की । इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी दयानंद चौरसिया ने जैसे ही उक्त वाहन को जलते देखा उन्होनें इस वाहन को जलने से आसपास बचाने के लिये बाल्टियों से पानी बुलाकर जलते वाहन की आग बुझायी ऐसी स्थिति में जब आमजन वाहन में ब्लास्ट होने से बच रहे थे वहीं दयानंद ने जोखिम उठाकर वाहन को बुझाया इसके बाद निगम की फायर बिग्रेड आयी उन्होनें लोगों से अपील की है कि यदि आज दर्शक बन इस घटना को देख रहे आमजन तत्काल पानी या मिटटी डाल देते तो शायद वाहन जलने से बच सकता था, इसलिये इस तरह की घटना होने पर लोग पीड़ति की मदद करें न कि उसका वीडियो बनायें ।

### शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

**छिन्दवाड़ा।** राजस्व विभाग के द्वारा अनावेदक रमेश पिता छोटे निलेश पिता रमेश के द्वारा भूमि मौजा ग्राम निमोटी प.ह.न. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल नवेगांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नं.-111 रकबा 1.594 हेक्टेयर में से 0.350 हेक्टेयर पर 1/2 हेक्टेयर पर मक्का एवं 400 वर्गफुट पर रस्से से बनी जाली मेढ़ लगाकर किए गए अतिक्रमण को राजस्व विभाग के द्वारा हटाया गया। रमेश पिता छोटे निलेश पिता रमेश द्वारा वर्षों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निमोटी से लगी भूमि पर कब्जा किया।

## पुलिस ने 54 लीटर शराब जब्त कर आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



कपुर्दा की पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब सहित आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चौरई भारती जाट के नेतृत्व मे थाना चौरई अंतर्गत चौकी कपूर्दा प्रभारी सावित्री बघेल क़ो गत दिवस रात में सूचना मिली कि सुनील प्रजापति पिता रामचरण उम्र 26 साल निवासी माचीबाड़ा अपने वाहन से अवैध रूप से भारी मात्रा मे शराब लाने की सम्भावना है जो उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर तंत्र सक्रिय कर एक टीम थाना क्षेत्र से ग्राम माचीबाड़ा के पास से आरोपी के घर तस्दीक हेतु रवाना की गई जो रेड करने पर आरोपी सुनील के पास से पुलिस क़ो 300 पाव प्लेन मसाला शराब 54 लीटर कीमती करीब 30 हजार रूपये की मिली जिसे मौक़े से जब्त कर पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद कर आरोपी को हिरासत में लिया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में उक्त कार्यवाही में उनि. सावित्री बघेल प्रा. आरक्षक सचिन श्रीवात्री, आ. जितेन्द्र बघेल, विकास सहित पूरी टीम की भूमिका रही।

## 3.16 लाख लाड़ली बहनों के खातों में आए 38.30 करोड़ रूपये

### पांढुर्णा जिले की 73877 लाड़ली बहनों के खातों में आए 8.60 करोड़ रूपये



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की 26वीं किस्त, गैस सिलेंडर रिफिल योजना की राशि एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की मासिक सहायता राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर उन्होंने सभी बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं।

छिंदवाड़ा जिले की 316358 लाड़ली बहनों को मिले 38.30 करोड़ रुपए- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जुलाई माह की 1250 रुपए की मासिक सहायता राशि के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की 316358 लाड़ली बहनों को कुल 38.30 करोड़ रुपए तथा पांढुर्णा जिले की 73877 लाड़ली बहनों को 8.60 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई। छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को राशि का वितरण- छिंदवाड़ा जिले के 143484 हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 2588.38 लाख रूपये एवं पांढुर्णा जिले के 41943 हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 753.32 लाख रूपये, इस प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को कुल 3341.69 लाख रूपये और लाड़ली बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया ।

#### कलेक्टर कार्यालय में देखा गया सीधा प्रसारण

इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में लाभान्वित हितग्राहियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस अवसर पर प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री बृजेश कुमार शिवहरे सहित अन्य अधिकारी व लाभार्थी लाडली बहनें और पेंशनर्स उपस्थित थे।

## सरकार की गलत नीतियों के कारण, खाद के संकट से जूझ रहा किसानः ओकटे-चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मप्र में छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र उन्नत कृषि प्रधान जिला है, क्योंकि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सर्वप्रथम कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता के लिए जलाशय, तालाब व स्टॉप डैम का निर्माण कराया। उन्नत किस्म के बीज व खाद की व्यवस्था कराई। किसानों को प्रशिक्षित कराया। सोयाबीन उत्पादन में छिन्दवाड़ा अव्वल रहा फिर मक्का उत्पादन से कॉर्न सिटी बनकर पूरे प्रदेश में उभरा। कृषि क्षेत्र में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की चमकती हुई पहचान और किसानों के चमकते हुए चेहरे भाजपा के शासन काल में फीके पड़ने लगे हैं। छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में यूरिया खाद के संकट पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे एवं किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पुष्पेन्द्र सिंह चौधरी ने उक्त उदगार संयुक्त बयान में व्यक्त किए।

श्री ओकटे व श्री चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के कार्यकाल में किसानों को कभी खाद की कमी नहीं हुई। छिन्दवाड़ा के लिए भरपूर खाद पहले ही पहुंचा जाया करती थी, किन्तु भाजपा के राज में किसान लगातार खाद के लिए दर-दर भटक रहा, उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही, यह भाजपा सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। इसीलिये किसानों को कभी बरसते पानी में खाद के लिए कतार में खड़ा रहना पड़ता है तो कभी किसान सुबह से ही कतार में खड़ा है फिर भी उसे यूरिया खाद नहीं मिल रही, जबकि वर्तमान में मक्का फसल पर यूरिया डालने की नितांत आवश्यकता है तभी पैदावार अच्छी प्राप्त होगी। अगर समय पर यूरिया नहीं मिला तो मक्का फसल का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा जिससे किसान पुनः आर्थिक संकट की गर्त में समा जाएगा और इसके लिए पूर्णतः भाजपा की सरकार जिम्मेदार होगी।

## 6000 किलो महुआ लाहन एवं 30 लीटर महुआ निर्मित कच्ची शराब की जप्त

### पांढुर्णा के विभिन्न ग्रामों में आबकारी व पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने की अवैध शराब के अड्डों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत इक्का के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा दबिश के दौरान आज पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये ग्राम वडूदामाल, कोंडर, उमरीकला, जातलपुर के नदी नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई, जहां से 6000 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 30 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी कच्ची शराब को बरामद, जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाश चंद्र चौहान, श्री भारती गौड़ एवं आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, वृत्त प्रभारी श्री नरेंद्र कुमार नागेश, आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री रुचि बागरी एवं बढ़चिचोली चौकी प्रभारी श्री विक्रम सिंह बघेल, पुलिस आरक्षक एवं आबकारी आरक्षक उपस्थित थे।

### बैठक में शामिल हुई नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी

## ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



आल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की मध्यप्रदेश इकाई की बैठक के लिए शनिवार को मध्यप्रदेश नगर निगमों के महापौर छिंदवाड़ा पहुंचे। महापौर श्री विक्रम अहके ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रातः सभी महापौर सिवनी रोड स्थित श्री रामेश्वर धाम में भगवान शिव की प्रतिमा का दर्शन करने पहुंचे जहां उन्होंने जलाभिषेक कर रामेश्वर धाम की प्रशंसा की। इसके उपरांत एकॉर्ड होटल में दोपहर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी उपस्थित रही। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में जिले के सांसद श्री बंटी विवेक साहू, पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके, जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता, मेयर परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बुरहानपुर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, प्रदेश मेयर परिषद के अध्यक्ष एवं इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव एवं छिंदवाड़ा महापौर विक्रम सिंह अहके उपस्थित रहे। समारोह का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके उपरांत महापौर श्री विक्रम अहके द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअल रूप से उपस्थित होकर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व समस्त अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस समारोह में नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय, जिले की विभिन्न नगरीय निकायों के अध्यक्ष, स्थानीय सभापति, पार्षद एवं वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।दोपहर पश्चात महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई। मेयर परिषद की बैठक में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल बुरहानपुर, श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री विक्रम सिंह अहके छिंदवाड़ा, श्रीमती मालती राय भोपाल, श्रीमती प्रीति सूरी कटनी, श्रीमती संगीता तिवारी सागर, श्री मुकेश तटवाल उज्जैन, श्री योगेश ताम्रकार सतना, श्रीमती शारदा सोलंकी मुरैना एवं श्रीमती अमृता यादव खण्डवा से उपस्थित हुई। बैठक के बाद नगर निगम के एसटीपी प्लांट का भ्रमण पौधारोपण किया गया।महापौर श्री विक्रम अहके ने बताया कि इसके अगले दिन महापौर परिषद के सदस्य छिंदवाड़ा से तामिया एवं पातालकोट का भ्रमण कर यहां कि औषधीय क्षेत्र की संभावनाओं की जानकारी लेंगे।

## ग्राम नांदना में किया फलदार पौधों का रोपण



**दमुआ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नान्दना परिवर्तित (संस्था जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना)के द्वारा अपने सेक्टर क्रमांक 4 दमुआ के अंतर्गत ग्राम नांदना मे 11 फलदार आम ,जामुन के पौधों का रोपण किया गया जिसमे ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति के सदस्य वा ग्राम वासियो के साथ मिलकर लगाया गया नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी के द्वारा ग्राम वासियो को बताया गया की हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए जिससे हमे अपने गाँव को हरा भरा बनाना है जिससे पर्यावरण प्रदूषण को रोकना है तो पेड़ लगाना अनिवार्य है हमे अपने जन्म दिन ,विवाह आदि शुभ अवसर पर पेड़ लगाना चाहिए पेड़ पौधों के होने से मिट्टी का कटाव भी रोका जा सकता है सभी ग्राम वासियो ने संकल्प लिया की हम शुभ अवसर पर पेड़ जरूर लगाएंगे तथा दुसरो को भी प्रेरित करेंगे ग्राम के उमेश पंद्राम .ने.बताया की हमे पेड़ की देखभाल बच्चे जैसे करना चाहिए उसके आसपास ट्री गार्ड लगाना जरूरी है जिससे पौधे की पूर्ण रक्षा की जा सके।




## शिवालयों में होगा रूद्राभिषेक, सोमवार से मंदिरों में भक्तों की लगेंगी लंबी कतारें

# श्री शिव सांई मंदिर में श्रावण मास पर प्रतिदिन होगा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ शिवशंकर जी के प्रतिय श्रवणमास के पावन महिने के पलहे दिन शुक्रवार को श्री शिव सांई मंदिर दमुआ बाजार मोहल्ला मंदिर में 11 जुलाई से दिनांक 9 अगस्त तक जनवरत प्रतिदिन भगवान शिवजी का अभिषेक पूजन अनुष्ठान का कार्यक्रम किया जा रहा है ज्ञात हो कि श्री शिव सांई समितिमहिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति उष मालोनिया जी सहित अन्य महिलाओं एवमं भक्त श्रद्वालुओ भक्तजनो नागरिको के सहयोग से धार्मिक आयोजन कार्यक्रम विधिवत चल रहे है महिला मण्डल समिति अध्यक्ष श्रीमति उषा मालोनिया जी ने बताया कि यहा दसवा वर्ष श्रवण मास के महिने में श्री शिव सांई मंदिर में प्रतिदिन दोपहर के 12 बजे से 1 बजे तक अभिषेक पूजन पाठ अनुष्ठान का क्रम चल रहा है जबकि सम्पूर्ण धार्मिक आयोजन कार्यक्रम आचार्य पंडित श्री शम्भू पाण्डे जी महाराज के सानिध्य में प्रतिवर्ष होते है श्री शिव सांई मदिर दमुआ बाजार में श्रवण मास की समाप्ति पर रक्षाबंधन के दूसरे दिन श्री शिव

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर हुए भव्य आयोजन

**दमुआ।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास शासकीय महाविद्यालय दमुआ के मार्गदर्शन में दिनांक 10 जुलाई 2025 को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर गुरुजनों का तिलक, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पर्व भारतीय परंपरा में गुरु के महत्व को दर्शाने वाला एक विशेष अवसर होता है, जिसे महाविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवंदना एवं कविताएं प्रस्तुत कर गुरु के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की गईं। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन का प्रकाश स्तंभ होता है, जो अज्ञानता से ज्ञान की ओर मार्गदर्शन करता है।महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे हमें नई पीढ़ी तक पहुँचाना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। भारतीय ज्ञान परंपरा गतिविधि अंतर्गत विद्वानों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में गुरु शिष्य परंपरा का महत्व पर उद्बोधन, भारतीय ज्ञान परंपरा को दृष्टिगत रखते हुए गुरु शिष्य संबंधों पर वृत्ति चित्र का प्रदर्शन, गुरु से परंपरा पर भाषण प्रतियोगिता गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित गीत है कविता का वाचन किया गया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी के मुख्य आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा के मुख्य अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम को आनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया जिसमें समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संयोजन डॉ उषा तिवारी डॉ विमल कुमार कौशले कंचन चंद्रवंशी इंद्रा पाटिलने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश कुमार लोखंडे ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुषमा टांडेकर द्वारा किया गया।

## साइकिल पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे




**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना निशुल्क साइकिल वितरण के अंतर्गत शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे द्वारा छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश शासन द्वारा उनके हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन में सरकार द्वारा ऐसे छात्र-छात्राएं जो दूर दराज से विद्यालय आते हैं उनके लिए निशुल्क साइकिल वितरण की योजना चलाई जा रही है वहीं कक्षा 12वीं में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए स्कूटी वितरण एवं लैपटॉप वितरण की योजनाओ का लाभ भी मध्य प्रदेश के स्कूलों में अध्यनरत बेटे बेटियों को मिल रहा है वही कार्यक्रम में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में पढ़ लिखकर आगे बढ़ने एवं देश का गौरव बढ़ाने की बात कही गई निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया पार्षद सीमा चौरसिया पार्षद श्रीमती प्रमिला पाल पार्षद अमित यादव प्रमोद बंदेवार राजेंद्र सूर्यवंशी मौजूद रहे।

## वेकोलि पेंच में ब्रिज, केरम और शतरंज स्पर्धा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेकोलि पेंच में 11 और 12 जुलाई को ब्रिज , केरम और शतरंज स्पर्धा संपन्न हुई । जिसमें महाप्रबंधक पंच क्षेत्र अनूप हजूरा , महा प्रबंधक संचालन प्रवीण कुमार मंडल तथा क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक वाय शशिधरण द्वारा शतरंज ब्रिज उपस्थित हुए । 11 एवं 12 जुलाई को स्टाफ क्लब परासिया में आयोजित की गई प्रतियोगिता शतरंज में 28 खिलाड़ी , कैरम में 30 खिलाड़ी तथा ब्रिज में 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया शतरंज में नीतीश नागेश 5 अंकों के साथ प्रथम , 4 अंकों के साथ शाहबाज खान द्वितीय , संतोष विश्वकर्मा तृतीय , अमित धीमान चतुर्थ , साढ़े 3 अंकों के साथ अभी जायसवाल पंचम , और शरीफ खान छटवें स्थान पर रहे । यह 6 खिलाड़ी पाथखेड़ा क्षेत्र में 17 - 18 और 19 जुलाई को पेच क्षेत्र का शतरंज में प्रतिनिधित्व करेंगे । शतरंज में चैंपियनशिप न्यूटन सब एरिया विनर तथा शिवपुरी सब एरिया रनर रहा । वहीं कैरम ओपन डबल्स में विजेता नेपाल वर्मा , पंचम तथा उपविजेता संजर आलम और पवन कुमार रहे ।टीम चैंपियनशिप कैरम प्रतियोगिता में नदीम हनफी , भारत लाल गौर , वैभव , अनिल सिंह उपविजेता तथा विजेता पवन कुमार , संजर आलम , नेपाल वर्मा और पंचम रहे । ब्रिज में डुप्लीकेट विनर नदीम खान ,आकाश वर्मा ,सुनील कुमार पांडे , दीप्तिकेश, राजेंद्र दुबे विजेता रहे । उपविजेता ज्ञानेंद्र सिंह , हेमंत सूर्यवंशी , अजय निगम , मिथुन सूर्यवंशी और निसार अली रहे ।

## चौरई के अन्नपूर्णा लॉन में हुआ गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन



**चौरई।** जिलापंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व चौरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू की उपस्थिति मे गुरूपूर्णिमा के उपलक्ष्य मे 12/07/25 शनिवार को गुरू पूजन कार्यक्रम का आयोजन नगर के अन्नपूर्णा लॉन मे किया गया जहा सर्व प्रथम पूरे क्षेत्र से पधारे ब्राम्हण और भागवताचार्यो पुजारियो एवं अन्य सभी धार्मिक संत विभुतियो का पैर धोकर पूजन-अर्चन कर अंग वस्त्र भेट कर सभी का स्वागत किया गया, लगातार तृतीय वर्ष ऐसे कार्यक्रम का स्वरूप देख सभी गुरूजन भावविभोर नजर आए आयोजित कार्यक्रम मे आयोजक शैलेंद्र रघुवंशी ने अपने भाषण मे उपस्थित सभी विप्र बंधुओ और अतिथियो का स्वागत किया एवं पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया कार्यक्रम मे ब्राम्हण समाज के वरिष्ठजन भारी संख्या मे नजर आए साथ ही चौरई विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, अजब सिंह पटेल, वीरेंद्र सिंह,सभापति नीलू निर्मलकर,नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह, धरम वर्मा,संजय ठाकुर रजनीश गौतम,अनुराग जैन,एवं प्रेस मीडिया के सभी सदस्यो सहित पूरी विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने भी सभी गुरूजन का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम का संचालन के एन गौतम और नवीन मिश्रा ने किया।

## राष्ट्रधर्म चिंतन संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ




गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बिछुआ में राष्ट्र धर्म चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम आयोजक पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर जी ने मुख्य वक्ता पंडित प्रकाश गौतम जी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी, पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड जी, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर जी, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,मंडल अध्यक्ष शैलेष चोपड़े व मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती का आत्मीय स्वागत अभिवादन किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंडित प्रकाश गौतम जी ने राष्ट्र धर्म चिंतन विषय पर विचार रखे ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने स्वागत भाषण एवं पूर्व जिला महामंत्री श्री उत्तम ठाकुर ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान व समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। मंच संचालन श्री प्रियवर सिंह ठाकुर जी ने किया ।कार्यक्रम में मंगलेश दुबे, संजय माहोरे, अयोध्या सोनी, विनोद रघुवंशी,अनिल कुर्मी, घनश्याम पवार,जीवन सिंह ठाकुर,नेमी सिंह पटेल,विनोद पटेल, अरुण साहू, विजेंद्र दीक्षित, प्रमोद श्रीवास, गगन शिवहरे, सचिन कड़वे, गुड्डा पटेल, रजत वानखेड़े, दीपिका महिपाल चोपड़े, झीटो बाई धुर्वे, संतोष भलावी, मुकुल ठाकुर, विनोद चौरसिया, हरिश्चन्द्र जांबुलकर, सत्यम उमरेठे, मुकेश चौरसिया बबलू आरगुडे, संदीप भट्ट, दौलत ठाकुर, प्रहलाद साहू, पवन पराडकर ,विंदोमती डिमाकचंद मालवीय, कीर्ति करमेले, सत्यम उमरेठे,संजू ठाकुर, दुर्गेश नामदेव,अमीत पवार, वैभव नामदेव,बसंत चौबे,मोरेश्वर संतु साहू, मँझलो पटेल, सुरेश शर्मा, बलवंत वर्मा, ओंकार पटेल, कमलेश वर्मा, सिरपत नायक, वीरपाल इनवाती, ईश्वर सिंह चौधरी, मोहन पटेल, राजेश शर्मा, रामकुमार पटेल, दीपक दुबे, मनोज लिल्हारे, गुड्डू शर्मा, रहेश वर्मा, राजा जैन, गुड्डू पटेल, धर्मेंद्र पटेल, महेंद्र वर्मा, प्रदीप रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## काली मंदिर परिसर को औषधीय पौधों

**जुन्नारदेव** : पतंजलि योग परिवार ने काली मंदिर परिसर को औषधीय पौधों के वन में परिवर्तित कर दिया।इस विशेष अवसर पर लगाए गए पौधों में आंवला, गिलोय, तुलसी, मीठी नीम, जामुन, एलोवेरा, शमी और अनार के पौधे लगाए गए। इस पुण्य कार्य में योगदान देने वाले रोशन लाल साहू, मोनू चावला, राजीव श्रीवास्तव, रितिका श्रीवास्तव, इंदु खंडेलवाल, विनीता माहोर, नंदिनी नागले, रीना चोकसे, रश्मि बेलसरे, मुकेश बचले, प्रमोद राय, घनश्याम नाथ गोस्वामी आदि लोग शमिल थे।

## आदिवासी कन्या छात्रावास में निकला सर्प, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बारिश का मौसम शुरू होते ही आवासीय परिसरों ओर दुकानों के साथ साथ शासकीय भवनो में सर्प निकलने की घटनाओं का होना आम बात है। दरअसल, मानसून के बीच हो रही झमाझम बारिश में कई जगहों पर जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ है। ऐसे में बिलों में रहने वाले सांप भी सुरक्षित जगहों की तलाश करने लगते हैं और इस दरमियान वो घर में भी प्रवेश कर जाते हैं। वन विभाग की रेस्क्यू टीम के विशाल आसटकर ने बताया कि आदिवासी कन्या छात्रावास लांजी में सांप निकालने की सूचना प्राप्त हुई जिसमें वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी के निर्देशन में सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ गया। उक्त सांप अत्यंत जहरीला वाइपर था। वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा सांप से सुरक्षा एवं बचाव हेतु दिशा निर्देश छात्राओं को दिया गया। लांजी क्षेत्र के कई ऐसे इलाके हैं, जहां जहरीले सांपों का खतरा अधिक है। ऐसे में बरसात में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। वन विभाग द्वारा लोगों से अपील भी की जाती है कि

## कचरे का उठाव न होने से नगर में चौतरफा फैली गंदगी, डंपिंग यार्ड तक पहुंच मार्ग जर्जर होने से बनी मुसीबत

# स्वच्छता निरीक्षक ने कहा उपयंत्री की लापरवाही का परिणाम भुगत रही नगर की जनता

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धर्मनगरी लांजी कचरा न उठने के कारण नगर में हर तरफ गंदगी फैली हुई है। इससे न केवल नगर की सुंदरता बिगड़ रही है, बल्कि यह बीमारियों का कारण भी बन रहा है। नगर परिषद द्वारा नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं करने से नगर की स्वच्छता पर सवाल उठने लगे है। नगर परिषद द्वारा साफ -सफ ाई का दावा तो बहुत किया जाता है लेकिन नगर का नजारा दावों पर खरा नहीं उतर रहा है। नगर परिषद कर्मियों की लापरवाही का नतीजा है कि शहर में जगह -जगह कूड़े फैले मिल जाते हैं। कूड़ेदान नहीं होने के कारण वार्ड के लोगों द्वारा रोड किनारे से कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। गंदगी और कचरा उठाव नहीं होने के कारण कुछ दिनों में पड़ा कूड़े का सड़ांध बढ़ जाता है। इसका असर यह होता है कि उन रास्तों गुजरना मुश्किल हो जाता है। यह हाल नगर के सभी वार्डों का है। शुक्रवार को नगर की सफाई का जायजा लिया गया तो जिस भी गली-मोहल्लों सहित मुख्य चौक-चौराहे पर पहुंचने पर स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। अधिकांश जगह खुले में ही कचरे को फेंक दिया जाता है। नगर में मुख्य चौक-चौराहे से लेकर मोहल्ले तक में कूड़े का उठाव नहीं हुआ था। कूड़े का उठाव नहीं होने कारण चारों तरफ गंदगी फैली रहती है।

**झुग्गी बस्ती और निचले वार्ड के लोग ज्यादा परेशान:** नगर में प्रतिदिन कचरा उठाव नहीं होने के कारण झुग्गी बस्ती और निचले वार्ड के लोगों को जयादा परेशानी हो रही है। वार्डवासियों ने नगर परिषद के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा की नगर परिषद के कर्मचारी अपनी मर्जी से कार्य करते है और नालियों की सफाई पर कोईध्यान नहीं दे रहे है जिसके कारण नालियों में गले तक कचरा आसानी से देखा जा सकता है। वहीं नगर में संचालित दोनो शराब दुकानों के पास संचालित अहातों के संचालकों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से भी वार्डवासियों को खासी परेशानी हो रही है जिन पर नगर परिषद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती जिससे नगर की सुंदरता पर भी दाग लग रहा है। परंतु नगर परिषद में बैठे जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।




इस संबंध में जब नगर परिषद में पदस्थ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा से संपर्क किया गया तो उन्होने कहा की नगर परिषद लांजी द्वारा कुछ दिनों पूर्व ग्राम कालीमाटी में चिन्हित स्थान पर नगर का कचरा फेंका जा रहा था परंतु ग्राम कालीमाटी के ग्रामीणों के जनाक्रोश और विरोध के बाद नगर परिषद द्वारा वहां कचरा नहीं फेका जा रहा था। जिसके बाद तत्कालीन सीएमओ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में समस्या को लाने के बाद ग्राम बगदेही में लगभग 3 एकड़ जमीन कचरा संग्रहण एवं उसके निष्पादन के लिये उपलब्ध कराई गई ।

वहीं इस संबंध में जब सीएमओ मयूर वाहने से चर्चा की गई तो उन्होने भी नगर में व्याप्त मूलभूत समस्याओं पर अपनी हैरानी जताई और कहा की इतने वर्ष लांजी में नगर परिषद के गठन होने के बाद भी यहां के लोगों को छोटी मोटी समस्याओं के निराकरण के लिये इतना परेशान होना पड़ता है जो काफी चिंताजनक है। हालांकि उन्होने लगातार हो रही बारिश और सड़क की जर्जर हालत को भी कचरा उठाव नहीं होने का जिम्मेदार ठहराया।

### इनका कहना है

नगर परिषद द्वारा लांजी में डंपिंग यार्ड की समस्या को देखते हुए एसडीएम महोदय और कलेक्टर महोदय से जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन किया गया था जिस पर कलेक्टर महोदय द्वारा ग्राम बगदेही में लगभग 3 एकड़ जमीन हमे डंपिंग यार्ड के उपयोग हेतु उपलब्ध कराई गई परंतु लगातार बारिश होने के कारण वहां कचरा वाहन फंस रहे थे जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है परंतु आज ही हमारे द्वारा उक्त स्थल पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर दी गई और शीघ्र ही नगर से प्रतिदिन कचरे का उठाव किया जाएगा ताकि नगरवासियों को इस समस्या से निजात मिल सके।

**मयूर वाहने, सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

## अंतर्राष्ट्रीय सन्त सम्मान से सम्मानित हुए स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि

### भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाना ही हमारा उद्देश्य है - स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** सनातन धर्म संगठन एवं अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एबराज आचार्य के नेतृत्व एवं सनातन धर्म व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर चौधरी के नेतृत्व में नेपाल के विराट नगर राम धूनी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरे विश्व के साधु - संतों एवं सनातनियों को एक मंच पर लाकर नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए सनातनियों का विशाल जन सभा का आयोजन किया गया। विराट नगर से कलश शोभा यात्रा 10 किलो मीटर पैदल चलकर रामधुनी पहुंचा। सनातन धर्म व्यवस्थापन समिति, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच तथा चार संस्थाओं ने मिलकर विशाल कार्यक्रम किया जहां 20 हजार से ऊपर लोग एकत्रित थे। नेपाल वासियों में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने की जो उमंग और उत्साह देखना को मिला वह नेपाल की धरती विराट नगर में देखा गया। हजारों जन समुदाय की उपस्तिथि में आयोजक समिती ने भारत के सन्त स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज को अंतर्राष्ट्रीय सन्त सम्मान से सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आयोजन में प्रमुख वक्ता के रूप में भारत से अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज अपने दर्जनों साथियों के साथ विराट नगर पहुंच कर नेपाल में भारत का नेतृत्व करते हुवे अपने उद्बबोधन में कहा कि भारत और नेपाल का रोटी - बेटी सम्बन्ध शदियों से चला आ रहा है। नेपाल को त्रेता युग में मिथिला के नाम से जाना जाता था। मिथिला के राजा जनक की पुत्री माता सीता जी का विवाह अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र भगवान श्री राम के साथ हुआ था। साथ ही भगवान गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था जो नेपाल में है। भगवान बुद्ध सत्य की खोज में निकल गए थे उन्हें सत्य का साक्षात्कार भारत के गया में हुआ था। आपने कहा कि भारत और नेपाल का सम्बन्ध त्रेता युग से ही चला आ रहा है। नेपाल अखण्ड भारत का एक हिस्सा है ये कहा जाए कि दोनों सगे भाई की तरह हैं । स्वामी स्वदेशानन्द ने कहा कि पूरे विश्व में नेपाल ही एक ऐसा देश है जिसे कभी किसी देश ने गुलाम नही बनाया। पूरे विश्व में नेपाल ही एक ऐसा देश है जहां सनातनियों का प्रतिशत सबसे ज्यादा है। हम भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि हमारे संगठन का उद्देश्य ही है कि हिन्दू बाहुल्य देशों को हिन्दू राष्ट्र बनाकर अखण्ड भारत का निर्माण करना है। हम पूरे विश्व के सनातनियों को एक मंच पर लाकर भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। सभा को नेपाल के पूर्व वन मंत्री एवं वर्तमान सांसद शंकर भंडारी, सांसद किरण शाह, पूर्व सांसद हरिचरण शाह, मध्यप्रदेश के तेली घानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू, नगर पालिका , अध्यक्ष, सनातन धर्म समिती के अध्यक्ष चंद्रेश्वर चौधरी, चंद्रेश्वर चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एबराज आचार्य, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अंग्रेज़ सिंह, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश रंजन मिश्रा, अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती रूपा शाह के अलावा दर्जनों मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

## अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग: अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की कटंगी और तिरोड़ी तहसील में करीब डेढ़ दशक से कृषि भूमि पर अवैध तरीके से प्लाटिंग का गोरखधंघा फल-फुल रहा है. भू-माफियाओं का एक पूरा सिंडिकेट इस काम में लगा हुआ है और इस सिंडिकेट ने अब तक कई लोगों ठगा है. इसके एक नहीं बल्कि कई प्रमाण है. सरकारी कार्यालयों में होने वाली शिकायतें इसकी पुष्टि करती है. अवैध प्लाटिंग से होने वाली विकसित कॉलोनियों में सड़कें, जल आपूर्ति, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क आदि मूलभूत सुविधाएं नहीं होती. जिसका खामियाजा यहां निवास करने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है. ग्राहकों से होने वाली इस ठगी ओर धोखाधड़ी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने शनिवार को कटंगी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिनों के भीतर अवैध तरीके से प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है और तय पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है. उन्होंने वार्ड क्रमांक 05 में जलभराव से जिन परिवारों को नुकसान हुआ है उसका सर्वे करवाकर राजस्व परिपत्र 6/4 के तहत मुआवजा प्रदान करने की मांग रखी है।

जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन के नेतृत्व में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने तहसील पदाधिकारियों के साथ ने एसडीएम के.सी.ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है. इस दौरान संभागीय संगठन मंत्री ब्रजेश जैन, तहसील अध्यक्ष अशोक कारसर्पे, जनपद सदस्य चमन डोंगरवार, महेन्द्र बाहेश्वर, महेन्द्र सिंह चौहान, मेनसिंह पारधी, नितिन तुरकर सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी गण मौजूद रहे. गत दिवस 08 जुलाई को कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक की कॉलोनी में हुए भारी जलभराव के बाद रहवासियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रशासन को सचेत किया है. उन्होंने कहा कि कटंगी शहर के आस-पास तेजी से अवैध प्लाटिंग के बाद कॉलोनियां विकसित हो रही है लेकिन वहां सीवरेज की कोई व्यवस्था नहीं होती. उन्होंने हुड़की तालाब का नाम लिए बगैर ही यहां होने वाले अवैध प्लाटिंग की तरफ इशारा करते कार्रवाई करने की मांग की. दरअसल, इस तालाब में अवैध प्लाटिंग होने से ही वार्ड क्रमांक 05 में जलभराव हुआ था. आशुतोष बिसेन ने आरोप लगाया कि कटंगी, उमरी, खजरी, खमरिया, कटेधरा, परसवाड़ाघाट और तिरोड़ी तहसील में अवैध प्लाटिंग का काम धड़ल्ले से हो रहा है. जिसमें प्रशासन और राजनीतिक लोगों की मिलीभगत है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव चाहते है कि अवैध प्लाटिंग बंद हो लेकिन कटंगी में पटवारी पैसे लेकर नक्शे दे रहे और उप रजिस्टार रजिस्ट्री कर रहे है. जिस कारण अवैध प्लाटिंग पर रोक नहीं लग पा रही है।

गौरतलब हो कि कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनियों स्थापित करवाई जा रही है. कथित भू-माफिया कॉलोनाइजर बने हुए है जो किसानों से कृषि भूमि क्रय करते है और फिर इस भूमि का मद परिवर्तन कर ग्राहकों को तमाम सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर छोटे-छोटे भूखंड की ब्रिकी करते है. जिससे कॉलोनियों विकसित हो रही है।

**खबर संक्षेप**

### पावन वर्षा योग, मंगल कलश स्थापना आज

घंसौर / पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर घंसौर में आज13 जुलाई 29वां पावन वर्षा योग, चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह कार्यक्रम स्थल बजार चौक सब्जी मंडी मैं अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। स्थापना कार्यक्रम में सुबह 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन होगा। सुबह 10 बजे नगर घंसौर में पधारी आर्यिका मां 105 उपशांत,मति माताजी आर्यिका मां 105ओमकार मति माता जी, आर्यिका मां 105,परम मति माता जी, आर्यिका मां 105चेतन मति माता जी की सानिध्य में मंगल कलश स्थापना का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में आहार चर्या के लिए विहार करेंगी। दोपहर 1 बजे बैंड-बाजे के साथ माताजी एवं सभी श्रावकगण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे, जहां मंगलाचरण आचार्य श्री के चित्र का अनावरण तथा विशेष पूजन संपन्न होगा। इस अवसर पर आर्यिका संघ के धर्म प्रवचन होंगे। मंगल कलश ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं का चयन ललितपुर से आए प्रदीप शास्त्री द्वारा किया जाएगा।

# नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा 15 दुकानों पर सील बंदी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 12 जुलाई 2025 को सीएमओ विशाल सिंह मसकोंले के निर्देश पर प्रभारी राजस्व निरीक्षक निर्मल अवधिया एवं महेश सोनी और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में नगरीय क्षेत्र में सदर काम्पलेक्स, बुधवारी बाजार एवं पुरानी सब्जी मंडी की कुल 15 दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई विदित होवे कि दुकानदारों द्वारा बकाया राशि तकरीबन 12 लाख रूपये जो कि निकाय कोष में जमा नहीं कराई गई थी जिसके कारण उक्त सील बंदी की



कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। नगर पालिका सिवनी द्वारा इस संबंध में पूर्व में दुकानदारों को नोटिस देकर बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी गई थी किंतु निर्धारित समय में राशि जमा न करने पर यह पूरी कार्यवाही की गई। प्रातः सील की गई कुल 15 दुकानों में से दोपहर तक 02 दुकानदारों द्वारा कुल



01 लाख रूपये की राशि नगर पालिका में जमा कराई गई इसके पश्चात उनकी दुकान की सील खोली गई। इस कार्यवाही के दौरान नपा के कर्मचारी सावन चौहान, सतीष रजक, प्रदीप विश्वकर्मा, नेहाल बाघमारें, सुनील बघेल, लक्ष्मीकांत लाहोरी, देवेन्द्र बेलजी उपस्थित रहें।

# रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन 16 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन एवं कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं/ युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 16 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे शासकीय आई.टी.आई. वायपास चौक (बरघाट रोड), सिवनी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें।

# डुण्डासिवनी पुलिस के हत्थे चढ़े सात जुआरी, एक सटोरी

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जुआ सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के हेतु सख्त है जिनके कुशल नेतृत्व मे जुआडयो व सटोरयो व सख्त कारवाई की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है जो दिनांक 08.07.25 में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत जनतानगर में दो अलग अलग स्थानो पर जुआ फड़ चल रहा है, जिसमें काफी लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं।

सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 07 जुआरी को पकडने में सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 7530 रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त की गई आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 321/25 व 322/25 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 09.07.25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंगरिया मे एक व्यक्ति सटटा पट्टी लिख रहा है। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम द्वारा कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर सट्टा पट्टी लिखते हुए 01 व्यक्ति को पकडने में सफलता मिली जिनके कब्जे से नगदी 1090 रुपये व 03 सट्टा पट्टी, 01 डाट पेन जप्त कर आरोपी के विरुध्द अपराध क्र. 324/25 धारा 4(क) सट्टा एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार छपारा को सौंपा ज्ञापन

# सात दिनों के भीतर उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज छपारा।** छपारा मुरझोर हत्या कांड को लेकर आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोगो ने छपारा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन मामला आदिवासी स्व. संतराम सैयाम पिता साहूलाल सैयाम उम्र लगभग 35 साल, का दिनांक 13/05/2025 मे रामकुमार कोष्टा के खेत की मेड में संतराम सैयाम की हत्या हुई जिसकी सूचना छपारा थाना पर दिनांक 13/05/2025 को किया गया जिसमे थाना छपारा पुलिस के द्वारा मौके स्थिति मे मर्ग दर्ज किया गया । परन्तु आदिवासी समुदाय के लोगों का पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार छपारा को उच्च स्तरीय जांच के लिए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के मुख्य बिन्द-1, घटना स्थल मुरझौर निवासी संतराम रौयाम की हत्या रामकुमार कोष्टा की खेत की मेड में हुई है। 2, घटना का कारण स्व. संतकुमार सैयाम रामकुमार कोष्टा के खेत में काम करता था जिसके पैसो का लेन-देन लगभग 3 साल का था



जिस कारण हत्या का होना प्रदर्शित करता है कि संतकुमार कोष्टा की हत्या को प्री-प्लानिंग कर किया गया है।3. घटना स्थल में प्राप्त समग्रीः घटना स्थल में उपलब्ध समग्री जो कि शराब कि बोतल, एवं डिस्पोजल जो कि 5-6 पाई गई जिससे यह पूर्ण विश्वास से कहा जा सकता है कि हत्या करने बाले एक से अधिक व्यक्ति थे। हत्या के बाद अन्य स्थान पर ले जाने बाला एक व्यक्ति नहीं हो सकता है क्योकि संतराग सैयाम का बजन लगभग 40 किलोग्राम था जिसे एक व्यक्ति नहीं उठा सकता है इसने हमे पुरा संदेह है कि इस हत्या कांड में अन्य साजित भी समिल है रामकुमार कोष्ठा पुत्र संजय कोष्टा के द्वारा आर्थिक लेन-देन के कारण यह घटना को अंजाम दिया गया है।यह कि वर्तमान ज्ञान जो तहसीलदार महादेय छपारा के द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिसमे 07 दिवस के भीतर उच्च स्तरी जॉच किये जाने हेतू एस.आई.टी. का गठन नहीं किया जाता है तो सर्वआदिवासी समुदाय आक्रोशित हो कर उग्र-आन्दोलन करने हेतू विवास होगा जिसकी सम्पुर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# निरीक्षक चैन सिंह उइके को उत्कृष्ट विवेचना हेतु केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक प्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जिले के पुलिस निरीक्षक चैन सिंह उइके को उनके अद्वितय एवं उत्कृष्ट विवेचना करने के लिए गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है ।

यह पदक आपराधिक मामलों की सूक्ष्म, निष्पक्ष और प्रभावी जांच में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। निरीक्षक उइके ने कई जटिल मामलों का कुशलता से अनावरण किया और कानून व्यवस्था की सुदृड स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उनके कर्तव्य निष्ठा नेतृत्व क्षमता एवं पेशेवर दक्षता से विभाग का गौरव बढ़ा है ।यह सम्मान उनकी लगन ईमानदारी और अपराध नियंत्रण के प्रति समर्पण का प्रतीक है ।

# चमारी तिगडडा नवनिर्मित सुलभ शौचालय का लोकार्पण के बाद भी नहीं हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

नगर के वार्ड नंबर 3 शिवनगर वार्ड चमारी तिगड्डा पर नगर परिषद छपारा द्वारा नगर में स्थानीय एवं राहगीर लोगों के लिए कुल चार चिन्हित स्थानों में सुलभ शौचालय निर्माण कार्य किए जाने के लिए लगभग 90 लाख रुपए की लागत के 4 सुलभ शौचालय निर्माण कार्य किए जाने टेंडर प्रक्रिया की गई।

जिसमें नगर के चमारी तिगड्डा एवं विधुत वितरण कंपनी कार्यालय के बाजु में दोनों स्थानों पर वर्ष 2023 में निर्माण कार्य शुरू किया गया वहीं दूसरी ओर चमरिया नाला किनारे एवं बस स्टैंड परिसर जहां मुख्य रूप से सुलभ शौचालय निर्माण की मांग



लंबे समय से की जाती रही दोनों स्थानों पर आज दिनांक तक सुलभ शौचालय निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ वहीं नगर के चमारी तिगड्डा में सार्वजनिक उपयोगी सुलभ शौचालय एवं स्नान घर निर्माण कार्य पूर्ण होने पर विगत 21 जून को नगर परिषद छपारा द्वारा आयोजित अमृत 2.0 योजनांतर्गत 33 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां उक्त कार्यक्रम में चमारी तिगड्डा के सुलभ शौचालय का लोकार्पण शिलालेख पट्टी के माध्यम से किया गया परंतु आज दिनांक तक सुलभ शौचालय के गेट पर ताला लटका रहता है जहां क्षेत्रीय जनों के द्वारा जल्द से जल्द सुलभ शौचालय चालू किए जाने की मांग की गई है।

**इनका कहना है**

ठेकेदार से मेरी बात हुई है आगामी दो तीन दिन में सुलभ शौचालय चालू हो जाएगा।

**श्याम गोपाल भारती ,सीएमओ, नगर परिषद, छपारा,**

# माँ सिंहवाहिनी की प्रतिमा का पटा पूजन किया गया

लखनादौन के हृदय स्थल बस स्टैंड में विराजित होने वाली बस स्टैंड की महारानी माँ सिंहवाहिनी की प्रतिमा का पटा पूजन माँ सिंहवाहिनी उपासक समिति के द्वारा मूर्तिकार बाबूलाल सोनी के घर में किया गया। नवरात्रि पर्व को बस कुछ ही दिन शेष हैं और नवरात्रि की तैयारियाँ भी शुरू कर दी गई हैं। इस वर्ष इस समिति के सफलतम चतुर्थ वर्ष होने वाले हैं जिसमें नवदुर्गा माँ के चतुर्थ रूप माँ कुष्मांडा को विराजित किया जाएगा। पिछले वर्ष यहाँ माँ के तृतीय स्वरूप माँ चंद्रघंटा विराजमान हुई थीं। समिति में वरिष्ठ कार्यरत अध्यक्ष अंकुर जैन, उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, अधिवक्ता एवं मीडिया से यशवंत गोल्हानी, पार्षद विनोद जैन, विजय जैन, प्रदीप बर्मन , आशीष नेमा, चैतन्य गुप्ता, राजेश यादव, छोटू यादव, पंकज सोनी, राजू रैकवार की भूमिका है। इस समिति में युवा पीढ़ी में अर्पित गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अक्षत गुप्ता, संतकुमार रैकवार, श्रेयश गुप्ता, अभय सेन, अमित कहार, रोहित यादव ,मोहित यादव, सौरभ कतिया, पीयूष यादव, नीलेश यादव, रोहित सेन, निशांत रजक, अनुराग सोनी, सुमित सेन और अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है जो युवाओं को प्रेरित करती हैं। समिति में महिला मंडल का भी विशेष सहयोग है जिसमें श्रीमती सरिता संजय गुप्ता, अर्चना दीपक निगम और वार्ड की सभी महिलाएं हैं जो पूजन अर्चन में बढ़चढ़ कर आगे रहती हैं, आगामी उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए सभी उत्साह के साथ जुट चुके हैं एवं तैयारियां जोर शोर से चालू हो चुकी हैं, इसमें नगर वासियों का भी महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होता है।



# मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा विपत्तिग्रस्त महिलाओं के पुर्नवास हेतु मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण चलाई जा रही है, योजना के तहत विपत्तिग्रस्त, पीडित, कठिन परिस्थितियों में निवास कर रही महिलाओं की आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने के लिये एवं आर्थिक / सामाजिक उन्नयन हेतु कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वें स्वयं के साथ-साथ परिवार का भी पोषण कर सकती हैं, प्रशिक्षण पर होने वाला पूर्ण व्यय जिसमें प्रशिक्षण शुल्क, आवासीय व्यवस्था शुल्क, भोजन एवं शिष्यवृत्ति (500 रू) शामिल रहेगी, का वहन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाऐगा। उक्त योजना सुश्री संस्कृति जैन, कलेक्टर जिला सिवनी के मार्गदर्शन में चलाई जा रही हैं। लक्ष्य समूह -बलात्कार से पीड़ित महिला या बालिका, दुव्र्यवपार से बचाई गई महिलाएँ जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करती हो, एसिड अटैक विक्टिम,जेल से रिहा महिलाएँ, परित्यकता, तलाकशुदा, विधवा/ अनाथ महिलाएं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करती हो,शासकीय एवं अशासकीय नारी निकेतन, आश्रय गृह, बालिका गृह, अनुरक्षण गृह, शॉर्ट स्टे होम आदि गृहों में,निवासरत विपित्तग्रस्त बालिका/ महिलाएं, दहेज प्रताडित /अग्नि पीडित महिलाएं, बाल विवाह पीडिता, सजायाप्त महिलाओं को जेल में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

अतः जिला सिवनी अंतर्गत समस्त पात्र महिलाओं से आवेदन दिनाँक 25 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये जाते है पात्र महिला आवेदक द्वारा आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला पंचायत ऑफिस के पास बींझावाडा जिला-सिवनी, कार्यालय परियोजना अधिकारी, मबावि, समस्त जिला सिवनी एवं वन स्टॉप सेंटर, डीईओ ऑफिस के पास सी.वी. रमन वार्ड बारापत्थर सिवनी के कार्यालय में पोस्ट से या स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास के किसी भी कार्यालय से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

# 9 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार स्थाई वारंटियों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं।

दिनांक 12/07/2025 को स्थाई वारंटी तुषार रावल पिता हरीश रावल निवासी अनुपमा अपार्टमेंट लक्ष्मीनगर नागपुर जो चैक बाउन्स के मामलें में विगत 09 वर्ष से फरार था जो पता बदलकर सहारा सिटी जामठा जिला नागपुर रह रहा था जिसे नागपुर से गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं। गिरफ्तार आरोपी तुषार रावल पिता हरीश रावल उम्र 50 वर्ष निवासी अनुपमा अपार्टमेंट लक्ष्मीनगर जिला नागपुर महाराष्ट्र। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली श्री किशोर वामनकर, प्र. आर. मनोज मरावी, आर. जितेन्द्र बघेल, सैनिक मोहम्मद वकील की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# सांई नगर कॉलोनी डूण्डासिवनी में विषैला कोबरा और 40 सर्प के अंडे नजर आए, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के कबीर वार्ड केंद्रीय विद्यालय के समीप स्थित सांई नगर कॉलोनी में उस समय हडक़ंप मच गया जब यहां निवासरत नंदू डेहरिया के घर की बाड़ी में एक विषैला कोबरा और उसके लगभग 40 सर्प के अंडे नजर आए। इसके साथ ही अंडों के फूटने से अंडे से निकलने वाले सर्प को देख लोगों में काफी दहशत फैल गई। इसकी सूचना सर्पमित्र प्रवीण तिवारी को मोबाइल नंबर 9977900166 पर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन मास के प्रथम दिन शुक्रवार की शाम सांई नगर कॉलोनी निवासी नंदू



डेहरिया के घर के पीछे एक चीप पत्थर के नीचे सांप के होने की सूचना मिलते ही इसकी जानकारी सर्प मित्र प्रवीण तिवारी को दी गई। सर्प मित्र ने चीप पत्थर को उठाया तो वहां बड़ी संख्या में विषैले कोबरा सांप के लगभग 40 अंडे मिले। जिनमें से कुछ अंडों में से सांप बाहर निकल चुके थे उन्हें सावधानी पूर्वक सांपों को एक डिब्बे में रखा। इसके साथ ही वहीं छोटे से गहरे गड्ढे में विषैले कोबरा को भी बाहर निकाल कर उसे डब्बे में भरा गया। रहवासी लगभग 40 सर्प के अंडे देख हक्के बक्के रह गए और दहशत में आ गए। सर्व मित्र ने सावधानी से कोबरा नाग के अंडे को फोड़ कर उसमें से सांप को निकाल कर डब्बे में रखा। काफी लंबे बड़े कोबरा सर्प व उनके बच्चे नाग को शहर से दूर शहर से दूर जंगल में छोड़ा गया।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भैतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डी इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा।
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

पैक्स प्रशासक एवं समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिवरों में के.सी.सी प्रदान करने तथा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा,जीवन ज्योति के 50-50 प्रकरण प्रति पैक्स माह के लक्ष्य दिए गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा सहकारिता विभाग अंतर्गत सरकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों, 57 बी -पैक्स के प्रशासक एवं समिति प्रबंधकों की समीक्षा बैठक दिनांक 11.07.2025 को 11:00 बजे कलेक्टर सभा कक्ष सिवनी में ली गईद्ध बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उपसंचालक कृषि,उपायुक्त सहकारिता सिवनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक सिवनी,जिला विपणन अधिकारी सिवनी उपस्थित रहे। बैठक में 30 नवीन बी-पैक्स जिसमे 29 नवीन बी-पैक्स का पंजीयन किया गया है, उसमे आगामी कार्यवाही /कार्य योजना की पृथक पृथक समीक्षा कर 31 जुलाई 2025 तक अस्तियों एवं देयताओं का विभाजन करने के निर्देश कलेक्टर महोदया द्वारा दिए गएद्ध जिले की 57 बी-पैक्स में रासायनिक खाद बीज की उपलब्धता एवं वितरण पी.ओ.एस मशीन से करने के निर्देश दिए गएद्ध 30 जून 25 पर बरघाट ताखला एवं शिकारा



की वसूली गत वर्ष से कम रहने पर कालातीत ऋणी सदस्यों के आर.सी.सी जारी कर वसूली में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए गएद्ध जिन बी-पैक्स की वसूली लक्ष्य से 10प्र तिशत से कम रही उन पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

मध्यकालीन कृषि ऋण हेतु हैप्पी सीडर,बागवानी उद्यानकी फसलों के मध्यकालीन ऋण देने / लक्ष्य अनुसार ऋण वितरण करने के निर्देश दिए गए। माइक्रो एटीएम के माध्यम से एक माह में ट्रांजैक्शन कर खाद वितरण एवं नगद वितरण करने हेतु निर्देश दिए गए ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिवरों में के.सी.सी प्रदान करने तथा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा,जीवन ज्योति के 50-50 प्रकरण प्रति पैक्स माह के लक्ष्य दिए गए।

## जिला अस्पताल भेजे गए दोंनो घायल, माता व 3 वर्षीय मासूम पर भी किया हमला, आरोपित फरार

# वारासिवनी के बुदबुदा गाँव की घटना: सिरफिरे आशिक ने घर में घुसकर युवती और पिता पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम बुदबुदा में एक सिरफिरे आशिक ने युवती और उसके पिता पर चाकू और डंडे से प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले में घायल दोनों पिता पुत्री को वारासिवनी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट उचित उपचार के लिए भेज दिया गया हैं।

जानकारी अनुसार शनिवार 12 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे अचानक ग्राम सावंगी निवासी 23 वर्षीय धनेंद्र कोमलचन्द ठाकरे बुदबुदा निवासी 50 वर्षीय किसान बस्तीराम राणा के घर में घुसा और घर की बाड़ी में बर्तन माँज रही 23 वर्षीय संजू राणा (बदला हुआ नाम) को जबरदस्ती किचन रूम में लाकर उस पर शादी का दबाव बनाने लगा, युवती द्वारा विरोध किया गया। इस दौरान युवती की दादी चुनन बाई ने भी युवक के जबरन घर में घुसने पर उसका विरोध किया। तो युवक ने युवती की दादी और 3 वर्षीय भांजे अवि पटले के साथ मारपीट करने के साथ ही युवती के विवाह करने पर इनकार करने से आक्रोशित होकर आरोपित युवक ने किचन में रखे चाकू से युवती की गर्दन पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गई और किसी तरह युवक के चंगुल से छूटकर पड़ोसी मनोज वैष्णव के घर में भाग कर छुप गई।







इस घटना के तुरंत बाद खेत में परहा लगाने गई माता कुंता बाई व पिता बस्तीराम राणा भोजन करने घर आए, तो घर के सामने उसने आरोपित युवक धनेंद्र को देखा। तो उन्होंने आक्रोशित होकर उसे जाने के लिए कहा, जिससे गुस्साये युवक ने युवती के पिता बस्तीराम के सिर पर चाकू और डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग जमा हुए और तत्काल वारासिवनी पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर तत्काल 108 एम्बुलेंस वाहन ने मौके पर पहुँचकर दोनों घायलों को वारासिवनी अस्पताल लाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पिता-पुत्री की नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट भेज दिया गया।

### प्लम्बर का कार्य करता हैं आरोपित

बताया जाता हैं कि आरोपित युवक धनेंद्र कोमलचन्द राणा नागपुर में प्लम्बर का कार्य करता हैं और इसी के साथ में युवती का भाई उसके साथ ही काम करने के साथ-साथ आरोपित और पीड़ित दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं।

बुदबुदा गाँव में घटित हुई इस सनसनीखेज वारदात के समय युवती के माता- पिता परहा लगाने अपने खेत गए हुए थे और घटना घटित होने के बाद अचानक वे घर खाना खाने आए थे। इसी दौरान मौके पर उपस्थित आरोपित ने उसके पिता पर भी बुरी तरह से हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं इस विवाह से युवती द्वारा मना कर देने से आरोपित इतना उद्वेलित हो गया कि उसने युवती की 92 वर्षीय दादी चुनन राणा और 3 वर्षीय मासूम भांजे अवि पटले के साथ भी मानवता को ताक पर रखकर उनके साथ मारपीट की। जिससे बुजुर्ग महिला और मासूम बच्चे को भी मामूली चोटें आई हैं।

### विवाह के लिए डाल रहा था दबाव

गम्भीर रूप से घायल युवती की माँ कुंता बाई ने बताया कि उसकी बेटी को चाकू मारने वाला युवक उनका रिश्तेदार हैं, जो उनकी बेटी से विवाह करना चाहता था। जिसके लिए हम लोग भी सहर्ष राजी थे। लेकिन परिवार में एक साथ दो विवाह हो जाने की वजह से वह तीसरा विवाह जल्द कराने की स्थिति में नहीं थे। इसलिए हमने उसे इंतजार करने के लिए कहा था। जिस पर वह भी राजी हो गया था। लेकिन बीते फरवरी माह में बालाघाट में युवती जिस प्रतिष्ठान में कार्य करती थी, वहां जाकर उसने उपद्रव करने के बाद युवती जहाँ किराये से रहती थी, वहाँ भी रात्रि में उसे प्रताड़ित करने पहुँच गया था। लेकिन मकान मालिक द्वारा उसे डाँटा गया, तो वहीं पर उसने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। जिसे मकान मालिक ने किसी तरह बुझाया था, जिसके बाद आरोपित युवक खुद ही जिला अस्पताल बालाघाट पहुँच कर भर्ती हो गया था।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलाँजी का विधायक विवेक पटेल ने किया निरीक्षण

**वारासिवनी**। विधायक विवेक विक्की पटेल बुधवार को खैरलाँजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। जहाँ उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना और उनसे परेशानी पूछी। जिसके बाद उन्होंने बीएमओ को निर्देशित किया कि बरसात का समय चल रहा हैं, भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अस्पताल के चारों ओर सफाई रखे, जिससे जीव जन्तु अस्पताल के अंदर प्रवेश ना कर सके, इसका विशेष ध्यान रखे। विधायक विवेक विक्की पटेल ने अस्पताल में कुछ कमियाँ देख कर बीएमओ को जमकर फटकार भी लगाई। उन्होंने अस्पताल में बंद रखी हुए स्वर्ग रथ को जल्द से जल्द सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान विधायक विवेक पटेल जब मरीजों से मिलने के बाद सीधे प्रसूति कक्ष पहुंचे। तो वहाँ पर मौजूद लोगों ने चर्चा में बताया कि रोज इस कमरे में बिजली बंद की स्थिति बनी रहती हैं। जिस पर विधायक पटेल ने खंड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल बिजली शुरू करवाने के निर्देश दिए।

### जाम में जनदर्शन कार्यक्रम कर सुनी गई समस्या

## अनुभा मुंजारे ने किया जल आवर्धन योजना का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने आज 12 जुलाई को लालबर्रा क्षेत्र का दौरा किया और यहां पर उन्होने 102 गांवों को प्रदाय करने वाली समूह पेयजल योजना के तहत जल आवर्धन योजना का निरीक्षण किया। इसके अलावा विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा जाम में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से भेंट की। साथ ही उनकी समस्या सुनी गई और मौके पर ही अधिकांश का निराकरण किया गया और कुछ को आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक के इस जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुये और उन्होने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ ही मांग से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई। जिसका विधायक अनुभा मुंजारे ने सुनवाई कर उसके निराकरण का प्रयास किया गया। जानकारी के मुताबिक विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा आज लालबर्रा ब्लॉक की जल आवर्धन योजना है जिसमें 102 गांवों को पानी दिया जाता है उसका आकस्मिक निरीक्षण किया गया ज्ञात हो कि विगत चार दिनों से जल आवर्धन योजना बंद पड़ी थी। जिससे क्षेत्रीय जनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था और आम जनता द्वारा विधायक से इस संबंध में शिकायत की थी। जिसे देखते हुए त्वरित विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा आज ग्राम जाम लालबर्रा पहुंचे और उन्होंने जल आवर्धन योजना का निरीक्षण किया और उपस्थित उपयंत्री को निर्देशित किया कि जलावर्धन योजना का पानी क्षेत्रीय जनों के लिए हमेशा चालू रखा जाए, बंद नहीं होना चाहिए। इसके अलावा कुछ खामियां सामने आने पर उसे दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। विधायक ने निरीक्षण में देखा कि कुछ लोहे की रॉड पानी के ऊपर थी,जिसके संबंध में रंग पेंट करने के साथ ही आने वाले समय में फिल्टर प्लांट में साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे के द्वारा सतत लालबर्रा क्षेत्र वासियों को पानी प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर विधायक के साथ मे विधायक प्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जनदर्शन के माध्यम से सुनी गई समस्या

जानकारी के मुताबिक विधायक अनुभा मुंजारे ने बालाघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जाम (ला.) पंचायत भवन में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीयजनों से आत्मीय मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु संबंधित आधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक के जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जन शामिल हुये थे। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि उन्होने क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर जानकारी मिलने पर जल आर्वधन योजना का निरीक्षण किया है। जहां पर कुछ समस्या सामने देखी गई। जिसके निराकरण के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही पेयजल की आपूर्ति नियमित रखने के लिये निर्देश दिये गये है। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नही होगी इसका निराकरण कर दिया गया है। विधायक ने बताया कि इसी तरह से जनदर्शन के माध्यम से भी लोगों ने कुछ समस्याये बतायी है। जिसका निराकरण किया गया और कुछ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

## बोल बम सेवा समिति 28 को देवनदी देवगांव से कोटेश्वर के लिए कांवड़ यात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली जाएगी

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

बोल बम सेवा समिति देवगांव के सदस्यों द्वारा देवनदी देवगांव से कोटेश्वर महादेव सावन माह के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को वार्षिक कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। मंगलवार को मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

सुबह 05 बजे देवनदी से सैकड़ों के संख्या में श्रद्धालु कावड़ लेकर पैदल यात्रा शुरू करेंगे। 08बजे मां किरनाई मंदिर किरनापुर में महाप्रसादी लेकर लांजी कोटेश्वर महादेव जल लेकर कावड़ यात्रा पहुंचेगी।

बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, भजन गायक, नृत्य मंडली और पारंपरिक झांकियां शामिल रहेंगी। यात्रा मार्ग पर कुछ स्थानों पर प्रसादी वितरण होगा। कई मंचों से फूलों की वर्षा से स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन महाआरती और महाप्रसादी के साथ होगा।बोल बम सेवा समिति देवगांव के सदस्यों जिसमें के बी रंहागडाले, अनिल चित्रीव ,केशोराव तिलासे, महादेव बागडे, हरिश्चंद्र दौनोड़े, दलपत रंहागडाले, हीरालाल रंहागडाले ,धनलाल बेलेकर, प्रेमलाल पन्द्रे, दिलीप बोहरे ,मंगरु टेकाम, सोहनलाल रंहागडाले ,भैया लाल बेलेकर और भी अन्य सदस्यों ने बताया कि यह कावड़ यात्रा पिछले



15वर्षों से निकाला जा रहा है। इस अवसर पर पूरा नगर सजाया जाएगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट**। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो बालाघाट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र बालाघाट में आयोजित किया गया । इस अवसर पर संगोष्ठी और प्रश्न मंच भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों के बारे में विचार विमर्श किया गया।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव: शासकीय महाविद्यालय हट्टा में मनाया गया श्रद्धा और प्रेरणा का पर्व

हरिभूमि न्यूज हट्टा।

शासकीय महाविद्यालय हट्टा, बालाघाट में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्प एवं श्रीफल अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री मीताराम लिल्हारे ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में गुरु की भूमिका को जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान और श्रद्धा भाव रखने की प्रेरणा दी। श्री बसंत दशरिये ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से गुरु की महत्ता को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों ने गहरी प्रेरणा ली। कार्यक्रम में डॉ. सचिन तिवारी, डॉ. विनोद कुमार शेंडे, डॉ. वर्षा ऐड़े, श्री अक्षय कुमार मंडराहा एवं श्री विशाल दमाहे की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर भोपाल से प्रसारित गुरु पूर्णिमा पर आधारित लाइव कार्यक्रम को भी मॉनीटर के माध्यम से दिखाया गया, जिसे सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने श्रद्धा भाव से देखा।कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहजनक भागीदारी रही। उन्होंने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावनात्मक विचार साझा किए । गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध था, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में नैतिक मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाला प्रेरणादायक क्षण भी बन गया।

## निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर में 300 मरीजों का हुआ उपचार

**लांजी**। समाज की उन्नति एवं गरीबों की मदद के अलावा समाज के सभी तबके के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं की मदद पहुंचाने के उद्देश्य से दशन पाली क्लीनिक में 12 जुलाई को निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में लगभग 300 से अधिक लोगों का परीक्षण एवं उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में उपलब्ध फ्री सेवा में बीपी, शुगर, निशुल्क दवाइयां, नेत्र जांच, किडनी की जांच, बच्चों के स्वास्थ्य की जांच और शरीर में सभी प्रकार की जांच निःशुल्क की गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से भी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें डॉक्टर शुभम पटले एमबीबीएस, एमडी, डॉ वैभव तुरकर छाती रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉक्टर धवल सावंत एमबीबीएस डीएनबी, डॉ अश्विन एम बुरड़े बाल रोग तज्ञ एवं नवजात शिशु तज्ञ विशेषज्ञ, डॉक्टर श्रीमती वर्षा सिंह एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ संतोष रतोने बीएचएमएस, जनरल फिजिशियन एवं चंद्रदीप रामटेक ऑप्टोमेट्रिस्ट नेत्र सलाहकार संचालक दीप ऑप्टिकल इन सभी के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर आयोजन में आए सभी मरीजों की जांच निशुल्क की गई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का कराया गया गृह प्रवेश

**वारासिवनी**। मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 11 जुलाई 2025 को इन्दौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया गया। जिसमें पीएमएवाय शहरी 1.0 अन्तर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व पीएमएवाय शहरी 2.0 अन्तर्गत नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 11 जुलाई 2025 को वारासिवनी नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अन्तर्गत 17 सितम्बर 2024 के उपरान्त हितग्राहियों के पूर्ण आवासों पर गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे से नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, वार्ड पार्षद योगेन्द्र मोनू लिमजे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री अंशिका चौहान एवं नगरपालिका की प्रधानमंत्री आवास की टीम द्वारा चिन्हांकित हितग्राहियों के घरों में उपस्थित होकर विधिवत रूप से हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

## जप उपाध्यक्ष के निर्देश पर शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा




हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सभागार में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक अध्यक्ष शिक्षा समिति श्री भुवनभाऊ रंहागडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर एवं पदेन सचिव विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर श्री गणेश प्रसाद सोनी , बीआरसी सी एल टेकाम एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में समस्त शासकीय विद्यालयों जिसमें कक्षा 1 से 12वीं तक प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के प्राचार्य की प्रथम पाली में दोपहर 12 से 2बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 3बजे से 5 बजे तक विकासखंड किरनापुर के समस्त अशासकीय विद्यालयों कक्षा 1 से 12वीं एवं समस्त छात्रावास अधीक्षकों की 11जुलाई 2025 को बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा विभाग अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा एवं समीक्षा की गई। शाला संचालन एवं क्रियावन के संबंध में मार्गदर्शन दिए गए, इस बैठक में शिक्षा समिति के समस्त सदस्य संतोष चौधरी, सोनाबाई मानेश्वर,उर्मिला पन्द्रे ,लक्ष्मी पाचे, योगराज भास्कर एवं खेमेन्द्र बिजेवार, महाजन बिसेन, अरुण पाराशर भास्कर, की उपस्थिति में बैठक ली गई। बैठक में स्कूल भवनों की मरम्मत, स्कूलों में समय से शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षकों की कमी, पाठ्यपुस्तक, गणेश वितरण, शिक्षा में गुणवत्ता व मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

शिक्षा समिति अध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले ने कहा विकासखंड के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों की कमी जर्जर भवनों ,स्कूल समय पर नहीं लगाने, शिक्षकों के अप डाउन पर चर्चा की गई ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन अरविंद कोरे शिक्षक द्वारा किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**वारासिवनी**। शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ0 ए0 एल0 शरणागत विशिष्ठ अतिथि, महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 सरिता कोल्हेकर, प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेडाम, विशेष अतिथि शिवदयाल बोपचे, मुख्य लिपिक डी0 एल0 एडे, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 रक्षा निकोसे उपस्थित रहे। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें गुरूजनों का सम्मान, गुरू शिष्य परम्परा के महत्व पर उद्बोधन, चित्र दर्शन, भाषण, गीत एवं कविता वाचन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ0 ए0 एल0 शरणागत सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक द्वारा गुरू शिष्य संबंधों पर अपने विचार व्यक्त किए।

## कुएं में जहरीली गैस का रिसाव, एक शख्स की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुननाला में कुएं में मोटर पंप के फुट वाल्व को ठीक करने के लिए उतरे शख्स की मौत हो गई. कुएं में जहरीली गैस का रिसाव होने के कारण यह हादसा हुआ है. घटना शनिवार की सुबह करीब 11 बजे के आस-पास की है. दोपहर डेढ़ बजे शव को कुएं से बाहर निकाला गया और सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. प्राप्त जानकारी अनुसार अर्जुननाला निवासी गौरीशंकर पिता चैनलाल गौतम की कुएं की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना के वक्त पूरा परिवार खेत में ही कृषि कार्य कर रहा था. पानी की कमी के कुएं के पानी से खेत में लगी धान की पौध की सिंचाई की जा रही थी. कुएं सें मोटर पंप के पानी का कम खिचाव देखकर गौरीशंकर फुट वाल्व ठीक करने के लिए कुएं में उतरा और गैस की चपेट में आकर कुंए में ही गिर गया. जिससे उसकी मौत हो गई. खेत में काम कर रहे परिवार के अन्य सदस्यों का अचानक से कुएं की ओर ध्यान गया. जहां



कुंए के भीतर गौरीशंकर मृत अवस्था में गिरा था. जिसे कुएं से बाहर निकालने के लिए बड़ा भाई नंदु गौतम भी कुएं में उतरा लेकिन बीच पहुंचकर उसे अचानक घबराहट महसूस हुई और सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो वह बाहर निकल आया. परिवार के लोगों ने खेत पड़ोसियों और अर्जुननाला में घटना की सूचना दी. वार्डवासियों ने डायल 100 और पुलिस को घटना सूचना दी. पुलिस की मौजूदगी में शव को कुएं से बाहर निकाला गया. बता दें कि गौरीशंकर का विवाह हो चुका था और उसकी दो बेटियां है।

